

# पक्षियों का शिकार करते तीन आरोपी गिरफ्तार

## न्यायालय ने भेजा जेल, फाक्ता प्रजाति के पक्षियों का किया शिकार

**सिलवानी, 27 नवंबर. वन विभाग की संयुक्त गश्ती टीम ने अवैध शिकार के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से एयरगन और पांच मृत पक्षी बरामद किए गए, जिनमें चार फाक्ता और एक कोलार्ड डव शामिल है.**

गश्ती दल को 25 नवंबर को ग्राम खमेरा के पास संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली. मौके पर पहुंचे वन कर्मचारियों ने तीन व्यक्तियों इस्माईल वेग, फरीद खां और शहनवाज खान सभी निवासी सिलवानी की तलाशी ली. तलाशी के दौरान आरोपियों के पास एयरगन और नीले रंग के थैले में मृत पक्षी मिले. वन विभाग द्वारा मौके पर ही पंचनामा तैयार कर एयरगन और मृत पक्षियों को जप्त किया गया तथा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सिलवानी लाया गया. उनके विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. आरोपियों को जिला न्यायालय रायसेन में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया.



वन परिक्षेत्र अधिकारी आदर्श मिश्रा ने बताया कि फाक्ता, तीतर जैसे छोटे पक्षियों की संख्या लगातार घट रही है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है. उन्होंने जनता से अपील की कि यदि कहीं भी शिकार की जानकारी मिले तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें, ताकि इन पक्षियों की प्रजातियों को सुरक्षित रखा जा सके. इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी आदर्श मिश्रा, आत्माराम मैना, राममनोहर खरे, दलसिंह, ऋषि गुप्ता, हरेन्द्र सिंह सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा.



# सोशल मीडिया पर साझा न करें गलत संदेश

**शांति समिति की बैठक में एसडीएम ने की अपील**

**देवरी ( रायसेन ) 27 नवंबर.** देवरी नगर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना प्रभारी जयदीप भदोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रांगण में किया गया, जिसमें एसडीएम संतोष कुमार मुद्गल विशेष रूप से उपस्थित रहे. बैठक में नगर की वर्तमान स्थिति, कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द को लेकर विस्तृत चर्चा की गई.

एसडीएम मुद्गल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नगर में शांति और आपसी भाईचारे को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि गौहरगंज प्रकरण का आरोपी सलमान जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा, इसलिए किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही बिना पुष्टि के किसी प्रकार का गलत संदेश सोशल मीडिया पर साझा करें. उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है.

## एक नजर में




### मूक बधिर बच्चों ने कैनवास पर भरे प्रकृति के रंग

**भोपाल, 27 नवंबर.** क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, भोपाल में गुरुवार को मूक बधिर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 'हरित ऊर्जा- स्वच्छ ऊर्जा' विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता'का आयोजन किया. इस प्रतियोगिता में भोपाल के आशा निकेतन बधिर उ.मा. विद्यालय एवं उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाईटी के कुल 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता का उद्देश्य मूक बधिर विद्यार्थियों में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा विद्यार्थियों के आत्मविश्वास के साथ-साथ उनके कलात्मक कौशल को विकसित करने के लिए मंच प्रदान करना था. प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगों की सहायता से सौर व पवन ऊर्जा जैसी स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश अपने पोस्टर के माध्यम से प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया.

### केन्द्रीय संस्कृत विवि परिसर में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**भोपाल, 27 नवंबर.** भारतीय ज्ञान परम्परा में संतों का योगदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर बाग सेवनिया परिसर में किया जा रहा है. यह संगोष्ठी आदिवासी बाल कल्याण एवं संस्कृत शिक्षा समिति रायसेन के तत्वावधान में योगी सम्राट देवरहा बाबा की संस्मृति में किया जा रहा है. संगोष्ठी में स्वामी रामकृष्ण आचार्य वेदांती महाराज, जितेन्द्र पवार विश्व हिन्दू परिषद् मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री उपस्थित रहेंगे.

# दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग तेज

## सलामतपुर के बेरखेड़ी चौराहा का बाजार बंद, आरोपी का पुतला फूंका

**सलामतपुर, 27 नवंबर. रायसेन जिले के गोहरगंज थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के मामले में आरोपी सलमान की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है. जिलेभर में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन जारी हैं. गुरुवार को सलामतपुर थाना क्षेत्र के भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर स्थित बेरखेड़ी चौराहा पर व्यापारियों ने मार्केट बंद का आह्वान किया. वहीं हिंदू संगठनों ने आरोपी का पुतला दहन कर कड़ी नारेबाजी करते हुए विरोध जताया.**

सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कठोर से कठोर सजा की मांग रखी गई. इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे. कार्यक्रम में भाजपा सांची मंडल अध्यक्ष एवं जिला मंत्री संतोष शर्मा, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष एवं खोहा सरपंच कालूराम मीणा सहित कई स्थानीय नागरिक मौजूद रहे.



गौरतलब है कि मामले में 6 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी सलमान उर्फ नजर पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिससे लोगों में और भी रोष बढ़ गया है. आरोपी पर आईजी द्वारा 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है. पुलिस की दस से ग्यारह विशेष टीमें लगातार दबिश देकर उसकी तलाश में जुटी हैं. जिले भर में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है और नागरिक जल्द से जल्द न्याय की मांग कर रहे हैं.

# मासूम के दुष्कर्म के आरोपी को फांसी देने की मांग

**मुस्लिम समाज ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**




**बम्होरी, 27 नवंबर. गौहरगंज थाना क्षेत्र में छह वर्षीय मासूम के साथ हुई घटना के विरोध में पूरे जन आक्रोश मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग दोपहर में जामा मस्जिद के पास जमा हुए.**

सभी ने घटना पर दुख जताते हुए शांतिपूर्ण रैली निकालकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की. जामा मस्जिद से शुरू हुई रैली उप तहसील प्रांगण पहुंची, जहां नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह राजपूत को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपी सलमान को तत्काल गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की जाए.



# एसआईआर की समय सीमा बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**देवरी ( रायसेन ), 27 नवंबर. मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद, जिला रायसेन द्वारा गुरुवार को चुनाव आयुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें एसआईआर ( स्पेशल रिवीजन ऑफ इलेक्टोरल रोल ) की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई.**

परिषद के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चल रहा सर्वे समय बेहद कम है. अनेक क्षेत्रों में त्योहार, कृषि कार्यों तथा दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में जागरूकता की कमी के कारण पात्र मतदाताओं का नाम जुड़वाने में कठिनाइयां आ रही हैं. ऐसे में कई योग्य नागरिक मतदाता सूची से वंचित रह सकते हैं.

मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने मांग की है कि सर्वे की अंतिम तिथि को बढ़ाकर आम जनता को पर्याप्त समय दिया जाए, ताकि सभी नए मतदाताओं के नाम पूरी तरह जुड़ सकें और किसी भी पात्र व्यक्ति का लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित न हो. ज्ञापन सौंपते समय सैयद इरशाद ,माजिद पटेल, वकील पठान, नजीर खान, अयाज खान ,अकरम खान, रमजान अली मौजूद रहे.

# कृषि मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लगाई रेडियम पट्टी

**खबर का असर** **बिना रेडियम दौड़ रहीं ट्रॉलियों पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई**



**सिलवानी, 27 नवंबर. बुधवार को कृषि उपज मंडी में दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के बिना रेडियम पट्टी और बिना रिफ्लेक्टर पहुंचने की लापरवाही सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है. पड़ताल में यह भी पाया गया था कि कुछ ट्रॉलियों पर लगे पुराने रिफ्लेक्टर धूल-मिट्टी से ढंके हुए थे और नई ट्रॉलियों पर भी रेडियम नहीं लगा था, जिससे रात के समय दुर्घटना की आशंका बढ़ रही थी.**

नवभारत में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होते ही एसडीएम हर्षल चौधरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को मंडी परिसर में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए. राजस्व और मंडी प्रबंधन की टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर अनिवार्य रूप से रेडियम पट्टियाँ लगवाईं. जिन वाहनों पर रिफ्लेक्टर खराब या निष्प्रभावी थे, उन्हें भी वहीं ठीक कराया गया. अधिकारियों ने वाहन मालिकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि बिना रेडियम पट्टी किसी भी वाहन को मंडी में प्रवेश नहीं मिलेगा.

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय में एनसीसी दिवस मनाया

**बाड़ी, 27 नवंबर. शासकीय सांदीपनि विद्यालय बाड़ी में 78वां एनसीसी दिवस बड़े हर्ष एवं उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व चीफ ऑफिसर के.के. नामदेव एवं विशेष अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश नामदेव तथा विद्यालय प्राचार्य सुमन तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया.**

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पुष्पा धाकड़, मुस्कान यादव, देवेंद्र नौरिया, श्रीराम शिल्पी, ब्रजेश साहू, सफीक खान एवं अजीत ठाकुर सहित समस्त शिक्षकगण एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे.




कार्यक्रम का संचालन एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर एस.आर. मालवीय के नेतृत्व में सार्जेंट सचिन प्रजापति, गीतांजलि चौहान, कॉरपोरल सूरज विश्वकर्मा एवं कार्तिक शर्मा द्वारा किया गया. एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह गीत, देशभक्ति नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक ने दर्शकों का मन मोह लिया. नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, नशा उन्मूलन तथा आपदा प्रबंधन जैसे गंभीर मुद्दों पर जागरूकता का संदेश दिया गया. आपदा प्रबंधन प्रस्तुति में कैडेट्स ने प्राथमिक उपचार, अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थिति में स्वयं एवं दूसरों को सुरक्षित रखने की तकनीकों का प्रदर्शन किया.

कार्यक्रम के दौरान कैडेट जैनब खान ने अपने भाषण से एनसीसी के उद्देश्य, इतिहास, राष्ट्र सेवा एवं अनुशासन की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला. उन्होंने एनसीसी को युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताते हुए कैडेट्स को प्रेरित किया. पूर्व एनसीसी कैडेट एवं वर्तमान विकासखंड शिक्षा अधिकारी नामदेव ने अपने कैडेट जीवन के अनुभव साझा किए. उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम भावना को जीवन में अत्यंत उपयोगी बताते हुए वर्तमान कैडेट्स को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया.

मुख्य अतिथि नामदेव ने कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि जीवन जीने का अनुशासित और संगठित मार्ग है. उन्होंने विद्यालय, समाज एवं परिवार में एकता, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया. विद्यालय प्राचार्य सुमन तिवारी ने कैडेट्स की प्रस्तुति, अनुशासन एवं तैयारी की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

**विवादित बयान** **बर्खास्त और एफआईआर दर्ज करने के लिए दिया ज्ञापन**

# सर्वब्राह्मण समाज में आईएएस वर्मा के खिलाफ आक्रोश

**बेगमगंज, 27 नवंबर. गुरुवार को तहसील भर से आए सर्वब्राह्मण समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर कड़ी कार्रवाई की मांग की.**

आईएएस अधिकारी वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में गुरुवार को सर्वब्राह्मण महासभा बेगमगंज-सुल्तानगंज ने जोरदार विरोध प्रदर्शन के साथ समाज से जुड़े वरिष्ठजन, युवाओं एवं संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सौरभ मिश्रा को प्रदर्शन करने के बाद दिया. विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों आक्रोशित स्वजन बंधु भारी संख्या में मौजूद रहे.



दिए गए ज्ञापन में सर्वब्राह्मण महासभा ने मांग की है कि एक जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा किसी समाज, जाति या वर्ग के बारे में सार्वजनिक रूप से असंवेदनशील एवं विभाजनकारी बयान देना न केवल संविधान एवं आचरण नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था के लिए भी घातक है. इसलिए तत्काल प्रभाव से आईएएस वर्मा को शासकीय सेवा से बर्खास्त करते हुए उनके विरुद्ध संबंधित विधिक धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए.

समाज ने मांग की कि सरकार ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना वक्तव्य देने का दुस्साहस न करे. सभा को संबोधित करते हुए सर्वब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित जय गोविंद दुबे ने कहा कि समाज किसी के प्रति विद्वेष नहीं रखता, परंतु गरिमा और सम्मान से समझौता भी स्वीकार्य नहीं है.

कार्यकारी अध्यक्ष पं. शिवनारायण व्यास, पं. कृष्णकांत पांडे ने कहा कि ब्राह्मण समाज का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा दोषी अधिकारी पर कठोर कार्रवाई की जाए. वहीं पंडित बसंत शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा. वीरेंद्र पांडे ने इसे समाज की आस्था, परंपरा और आत्मसम्मान पर चोट बताया. ब्राह्मण महासभा के मीडिया प्रभारी राजीव दुबे ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध दर्ज कराना नागरिक अधिकार है और समाज संवैधानिक मार्ग से न्याय की उम्मीद करता है. ज्ञापन के दौरान स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण रही. पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी. एसडीएम सौरभ मिश्रा ने आश्वस्त किया कि मांगों को शासन तक पहुंचाया जाएगा. ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पुलिस थाने में पहुंचकर आईएएस वर्मा के खिलाफ एफआईआर के लिए थाना प्रभारी राजीव उइके को आवेदन दिया और कड़ी कार्रवाई की मांग की.



# वीआईटी विवि प्रशासन का पुतला दहन

**बाड़ी, 27 नवंबर. बाड़ी नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गुरुवार को चिंतामन चौराहे पर वीआईटी यूनिवर्सिटी प्रशासन का पुतला दहन किया गया. नगर सहमंत्री शिवा ठाकुर ने बताया कि वीआईटी यूनिवर्सिटी के प्रशासन द्वारा वहां पढ़ाई कर रहे छात्रों से क्रूरतापूर्वक व्यवहार किया गया है.**

पहले तो छात्रों को दूषित भोजन खिलाया, जिससे वहां के सैकड़ों छात्र ज्वाइंडिस जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो गए. जिसका वीआईटी विश्व विद्यालय में छात्रों द्वारा विरोध किए जाने पर सुरक्षा कर्मियों के द्वारा उन्हें बेरहमी से पीटा गया. जिसमें कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं. इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष हेरंब ठाकुर, नगर मंत्री अमन सोनी, नगर सहमंत्री शिवा ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष अनमोल बैरागी, नगर छात्रा प्रमुख प्रतिभा शर्मा, शिवानी ठाकुर, ललिता पाल, आयुष साहू, दुर्गा पटेल आदि मौजूद रहे.